उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 35 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2020/2022/06-परीक्षा/2019

लखनऊ : दिनांक : 18 जुलाई, 2022

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2019, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन सहायक बोरिंग टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा जनपद लखनऊ में दिनांक 03-07-2022 को आयोजित की गयी थी।

उपर्युक्त के क्रम में प्रश्नगत परीक्षा से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध उत्तर कुंजी देखने एवं आपत्ति दर्ज करने सम्बन्धी URL https://assessment.cbtexams.in/offlineot/ps/account/login पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर तथा रोल नंबर दर्ज कर लॉगिन (Login) करने के उपरान्त लिखित परीक्षा की उत्तर कुंजी देख सकते हैं। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा जारी की गयी उत्तर कुंजी पर यदि कोई आपत्ति है तो अभ्यर्थी अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्य सहित ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से यथा- डाक/प्रत्यावेदन द्वारा उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में दी गयी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। आपत्ति दर्ज करने की अन्तिम तिथि 24-07-2022 है। उक्त तिथि के बाद आपत्ति दर्ज करने की सुविधा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

18.07.2022
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।